प्रेस नोट

जनपद हमीरपुर   दिनांक 25.07.2024

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र,बांदा द्वारा किया गया वार्षिक निरीक्षण:-

आज दिनाँक 25.07.2024 को श्री अजय कुमार सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बांदा के द्वारा जनपद हमीरपुर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय व रिजर्व पुलिस लाइन्स का वार्षिक निरीक्षण किया गया एवं नवनिर्मित DISTRICT TRAINING CENTER व ट्रैफिक कन्ट्रोल रुम का फीता काटकर उद्घाटन भी किया गया। इसी क्रम में ....

- ❖ महोदय द्वारा सर्वप्रथम रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर में गार्द की सलामी लेकर गार्द का निरीक्षण किया गया व आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।
- ❖ महोदय द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय हमीरपुर के समस्त शाखाओं का निरीक्षण कर अभिलेखों का अवलोकन करते हुए समय से अद्यावधिक किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।
- ❖ DISTRICT TRAINING CENTER एवं ट्रैफिक कन्ट्रोल रुम का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।
- ❖ रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर में प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय,जी0डी0 कार्यालय व गणना कार्यालय का निरीक्षण कर अभिलेखों का अवलोकन किया गया व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।
- ❖ शस्त्रागार व वस्त्रागार के अभिलेखों का अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गयें।
- ❖ महोदय द्वारा पुलिस लाइन्स परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और देखभाल हेतु पुलिसकर्मियों को प्रेरित किया गया।
- ❖ पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।
- ❖ जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय हेतु जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई।
- ❖ जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी कर क्षेत्र की स्थिति अपराध नियन्त्रण और कानून व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई तथा इसमें अधिकारियों से उनकी क्षेत्रीय समस्या और उनके समाधान के लिए योजना तैयार करने के लिए निर्देश दिये गये।
    - ○ इस अवसर पर श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें।